पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल ने राजभवन में नवरात्रि एवं गरबा महोत्सव का शुभारम्भ किया

——————

नौ दिन चलेगा मातृ पूजन, नृत्य और उल्लास का भव्य गरबा आयोजन

——————

प्रधानमंत्री जी द्वारा रचित गरबा गीत पर आराधकों ने किया गरबा नृत्य

——————

लखनऊ : 15 अक्टूबर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज नवरात्रि के नौ दिवसीय पावन पर्व के अवसर पर राजभवन में माता की चौकी तथा माँ दुर्गा की मूर्ति की स्थापना कर दुर्गा पूजा एवं गरबा महोत्सव का शुभारम्भ किया। आज से प्रारम्भ में ये उत्सव 23 अक्टूबर, 2023 तक चलेगा और दशमी को विसर्जन के साथ सम्पन्न होगा।

आज गरबा महोत्सव में राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के अलावा लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमंत्रितजनों ने गरबा में प्रतिभाग कर मातृ शक्ति की आराधना की। इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, राज्यमंत्री समाज कल्याण श्री असीम अरूण, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव श्री नवनीत सहगल, कुलपति श्री जे0पी0 पाण्डेय, कुलपति श्री अखिलेश कुमार

सिंह तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने मां दुर्गा की आरती की। इस अवसर पर आराधकों ने प्रधानमंत्री जी द्वारा रचित गरबा गीत पर उल्लासपूर्ण गरबा नृत्य किया। आराधकों ने इस गीत की पुनरावृत्ति कराई और अपने नृत्य को जारी रखा। इसके पश्चात् प्रसाद का वितरण किया गया।

डा0 सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी,
राजभवन। सम्पर्क सूत्र– 8318116361